हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, शनिवार, 19 अप्रैल 2025

तापमान
अधिकतम 43 .7 डिग्री
न्यूनतम 18 .1 डिग्री

11 जब तक व्यक्ति की अभिव्यक्ति करने की इच्छा रहेगी, तब...



12 ऑल हरियाणा यूनिवर्सिटी एंपलाइज फेडरेशन ने बैठक करके...



## खबर संक्षेप

### सोना चोरी के मामले में स्वर्ण कारीगर काबू

**हिसार।** शहर थाना पुलिस ने सोना चोरी के मामले में स्वर्ण कारीगर पश्चिम बंगाल के मेदिनीपुर निवासी नीलकमल बैरा को गिरफ्तार किया है। मामले में जांच अधिकारी एएसआई अनवर ने बताया कि आरोपी नीलकमल बैरा कटला रामलीला निवासी निर्मल निरंजन के पास स्वर्ण कारीगर के रूप में काम करता था। पिछले वर्ष 6 नवंबर को शिकायतकर्ता निर्मल निरंजन ने लगभग 71 ग्राम सोना स्वर्ण कारीगर नीलकमल बैरा को आभूषण बनाने के लिए दिया जिसे वह पेंट की जेब में रख गायब हो गया और फोन डिस्कनेट करके बंद कर लिया। पुलिस ने केस दर्ज करके आरोपी नीलकमल बैरा को भोपाल से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से 50 हजार रुपये बरामद किए है। पुलिस ने आरोपी को दो दिन के राहदारी रिमांड पर लिया गया है।

### मोनोब्लॉक मोटर चोरी करने वाला गिरफ्तार

**बरवाला।** पुलिस ने गांव खरक पूनिया के खेत से 30 हजार रूपये कीमत की मोनोब्लॉक मोटर चोरी के मामले में दो आरोपियों गांव के ही खरक पूनिया निवासी नवीन और विक्रम उर्फ विक्कू को गिरफ्तार किया है। जांच अधिकारी एएसआई रेखा रानी ने बताया कि इस संबंध में बरवाला थाना में 6 अप्रैल को गांव खरक पूनिया निवासी दिनेश कुमार ने उसके खेत से मोनोब्लॉक मोटर चोरी होने के बारे में शिकायत दी थी। पुलिस ने केस दर्ज करके जांच करते हुए उक्त दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से चोरीशुदा मोनोब्लॉक मोटर बरामद कर ली है।

### अवैध पिस्तौल व कारतूस सहित एक व्यक्ति काबू

**हिसार।** पुलिस की स्पेशल स्टाफ पुलिस टीम ने महावीर कॉलोनी नहर पुलिया के पास से एक व्यक्ति को लोडेड अवैध पिस्तौल सहित काबू किया है। मुख्य सिपाही विक्रांत ने बताया कि पुलिस टीम ने गश्त के दौरान महावीर कॉलोनी नहर पुलिया के पास से एक युवक को काबू करके पूछताछ की तो उसने अपना नाम महावीर कॉलोनी निवासी रोहित बताया। तलाशी लेने पर उक्त रोहित के कब्जे से एक लोडेड अवैध पिस्तौल बरामद हुआ जिसे खाली करने पर उसमें से एक जिंदा कारतूस मिले।

### आज होगी महिमा मेरे श्याम की

**बरवाला।** सांवरिया मित्र मंडल व संसद महोला द्वारा 19 अप्रैल को वार्ड नंबर 9 भारत धर्मशाला के समीप महिमा मेरे श्याम की का आयोजन किया जाएगा। मंडल पदाधिकारी पंकज चोपड़ा ने बताया कि इस महिमा मेरे श्याम की में बाहर से आए भजन कलाकारों हिसार से सोनम मल्होत्रा और आदमपुर से नितिन व आकाश तथा बरवाला से बाल कलाकार चेतन भुटानी द्वारा अपनी अपनी मधुर आवाज से श्री श्याम बाबा के भजनों का गुणगान किया जाएगा।

## मौसम और विजिबिलिटी कम होने के कारण फ्लाइट हुई लेट

# नियमित उड़ान के पहले ही दिन फ्लाइट 2 घंटे 40 मिनट लेट

### दिल्ली से हिसार एयरपोर्ट पर देरी के कारण हुई असुविधा पर भड़के यात्री

रिभूमि न्यूज ⏭हिसार

महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे से नियमित उड़ान के पहले ही दिन दिल्ली से हिसार आने वाली फ्लाइट करीब 2 घंटे 40 मिनट देरी से आई। दिल्ली से हिसार के लिए आई फ्लाइट में केवल 16 यात्री थे। यात्रियों को बताया गया कि हिसार एयरपोर्ट पर मौसम खराब व दृश्यता सही नहीं होने के कारण फ्लाइट में देरी हुई है।

इतनी अधिक देरी से हिसार पहुंचे यात्रियों में गुस्सा दिखाई दिया। एयरपोर्ट से बाहर निकालते ही कुछ यात्रियों ने एयरपोर्ट पर अव्यवस्थाओं को लेकर जमकर अपनी भड़ास भी निकाली। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर 14 अप्रैल को दिल्ली - हिसार, हिसार-अयोध्या, अयोध्या-हिसार,हिसार- दिल्ली के लिए उड़ान सेवा का शुभारंभ किया था।

शुक्रवार को उड़ान सेवा का नियमित फ्लाइट का पहला दिन था और पहले ही दिन हिसार एयरपोर्ट पर खराब मौसम व विजिबिलिटी के कारण दिल्ली से हिसार पहुंचने वाली फ्लाइट करीब 2 घंटे 20 मिनट की देरी से यहां पहुंचा। दिल्ली-हिसार फ्लाइट देरी से आई इस कारण हिसार से अयोध्या के लिए जाने वाली फ्लाइट भी करीब तीन घंटे की देरी से उड़ी। दिल्ली से हिसार आने वाली फ्लाइट का दिल्ली से 9.30 पर उड़ान भर कर हिसार 10.10 पर उतरना था।

इसी 72 सीटर हवाई जहाज को 10.35 पर हिसार से उड़ान भरकर 12.35 पर अयोध्या उतरना था। दिल्ली से हिसार आने वाले 16 लोगों ने अपनी टिकट बुक की थी। यात्रियों ने एक टिकट के लिए 1390 रुपये चुकाए थे। हवाई जहाज करीब 12.10 बजे दिल्ली से उड़ान भर कर 12.50 पर हिसार पहुंची। इसके बाद यह फ्लाइट 1.20 पर अयोध्या के लिए रवाना हुई। हिसार से अयोध्या फ्लाइट में कल 61 यात्री थे जबकि वापस में वहां से 14 यात्री हिसार एयरपोर्ट पर पहुंचे। हिसार से दिल्ली जाने वाली फ्लाइट के लिए कुल 61 यात्रियों ने बुकिंग करवाई थी, लेकिन 20 यात्रियों ने बुकिंग कैंसिल कर दी। ऐसे में दिल्ली के लिए 41 यात्रियों ने सफर किया।



हिसार। अयोध्या जाने वाली फ्लाइट का इंतजार करते यात्री। फोटोः हरिभूमि

### देरी हुई, फिर भी ठीक

सेक्टर 9-11 निवासी संजय पूनिया ने कहा कि वह दिल्ली से हिसार आया हूं। कुछ देरी हुई है लेकिन चलो फिर भी ठीक है। हिसार एयरपोर्ट पर रिसीव करने आए लोगों के बैठने के लिए व्यवस्था होनी चाहिए। यात्रियों के परिजनों को चिलचिलाती धूप में खड़ा होना पड़ रहा है।



हिसार। तीन घंटे देरी के बाद फ्लाइट में सवार यात्री राजेंद्र सपड़ा। फोटोः हरिभूमि

### देरी पर टिकट कैंसिल किया, कैब से गए दिल्ली

फतेहाबाद जिले के गांव भिरड़ाना निवासी मनीष ने बताया कि उसके अपनी दादी संतरों के साथ बैंगलुरू के लिए रात 8 बजे दिल्ली से फ्लाइट पकड़नी थी। इसके लिए उसने पहले हिसार से दिल्ली की फ्लाइट बुक की थी। हिसार एयरपोर्ट पर पहुंचा तो पता चला कि दिल्ली से हिसार पहुंचने वाली ही फ्लाइट तीन घंटे देरी से चल रही है। पहले फ्लाइट अयोध्या जाएगी और फिर वापस आएगी। उसके बाद दिल्ली के लिए उड़ान भरेगी। इन परिस्थितियों में उनकी बैंगलुरू की फ्लाइट मिस हो जाएगी। इसके चलते उसने टिकट कैंसिल कर दी और अब वह अपनी दादी को कैब बुक करके दिल्ली ले जा रहा हूं।

### कोलकाता से दिल्ली 2 घंटे में आया, हिसार के लिए अढ़ाई घंटे किया इंतजार



सूर्य नगर निवासी नरेंद्र शर्मा ने हिसार एयरपोर्ट को लेकर कहा कि हिसार एयरपोर्ट पर कोई सुविधा नहीं है। वह कोलकाता से दिल्ली तो 2 घंटे में आ गया, लेकिन मुझे दिल्ली में हिसार की फ्लाइट के लिए निर्धारित समय से अलग अढ़ाई घंटे तक इंतजार कराया गया। यहां पर यात्रियों के लिए कोई सुविधा नहीं है। बुजुर्ग लोग रनवे से 400-500 मीटर पैदल चलते हुए आ रहे हैं। बच्चे, महिलाएं 42 डिग्री की धूप में पैदल आ रहे हैं।

### मौसम ठीक नहीं की हो रही थी एनाउंसमेंट



गांव बिचपड़ी निवासी कृष्ण कुमार ने बताया कि हैदराबाद से दिल्ली आया था। दिल्ली एयरपोर्ट पर बार-बार एनाउंसमेंट की जा रही थी कि हिसार एयरपोर्ट में मौसम ठीक नहीं इस कारण हिसार जाने वाली फ्लाइट लेट हो रही है। यात्रियों को बता रहे थे कि हिसार में गेहूं की कटाई के कारण आसमान में धूल का गुबार है। हमें उतरने के लिए 5000 मीटर की दृश्यता चाहिए, वहां 3000 से 3500 मीटर की दृश्यता है। इस कारण करीब अढ़ाई घंटे हमें इंतजार कराया गया।

### इतनी देर में तो टैक्सी या बस में आ जाते

दिल्ली से आए पुलकित ने कहा कि हम खेदड़ थर्मल पावर प्लांट में रहते हैं और दिल्ली से टैक्सी के द्वारा थर्मल प्लांट जाते हैं। हिसार एयरपोर्ट से फ्लाइट शुरू होने के कारण इस बार हवाई जहाज का विकल्प चुना। लेकिन अढ़ाई घंटे तक इंतजार करना पड़ा। दिल्ली से इतनी देर में तो टैक्सी या फिर रोडवेज बस भी हिसार पहुंच जाती है। सुबह 9 बजे से अब दोपहर 1 बजे हिसार पहुंचे हैं।



### पर्याप्त सुविधा नहीं

दिल्ली से हिसार पहुंची यात्री लवली शर्मा ने कहा कि हिसार एयरपोर्ट पर यात्रियों के लिए पर्याप्त सुविधाएं होनी चाहिए लेकिन पर्याप्त सुविधाएं नहीं है। बुजुर्गों को रनवे पर पैदल चलते हुए गेट तक आना पड़ता है। गेट के बाहर भी टैक्सी आदि की कोई सुविधा नहीं है।



# हरियाणा पावर इंजीनियर्स एसोसिएशन का विरोध प्रदर्शन

- पावर इंजीनियरों ने एसई के निलंबन आदेश को रद करने की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

हरियाणा पावर इंजीनियर्स एसोसिएशन ने एक मंत्री का फोन न उठाने के मुद्दे पर अधीक्षण अभियंता, जींद को निलंबित करने तथा इंजीनियर्स के प्रत्येक पद पर पदोन्नति चैनल को अवरुद्ध करने के विरोध में शुक्रवार को प्रदर्शन किया। एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव रविंद्र घनघस ने कहा कि जींद एसई जींद हरिदत्त को निलंबित करने से इंजीनियरों में भारी रोष है।

सीनियर उपाध्यक्ष बलजीत बेनीवाल ने बताया कि अधीक्षण अभियंता से मुख्य अभियंता के पद पर पदोन्नति के संबंध में निदेशक मंडल के एजेंडे को प्रशासन विंग द्वारा वापस ले लिया गया है, जिससे एसई, एक्सईएन और एसडीओ के पदोन्नति के अवसर रुक गए हैं। उल्लेखनीय है कि विभिन्न मुख्य अभियंताओं के पास दोहरे प्रभार हैं, जिससे एसडीओ और एक्सईएन के संबंध में पुनर्गठन का कार्यान्वयन भी प्रभावित हो रहा है। हरियाणा ब्यूरो ऑफ पब्लिक एंटरप्राइजेज (एचबीपीई) द्वारा 2021 में इसकी मंजूरी के बावजूद एसडीओ और एक्सईएन के संबंध में पुनर्गठन लागू नहीं किया जा रहा है।

इसके अलावा, निगम के उपभोक्ताओं में समय के साथ तेजी से वृद्धि हुई है क्योंकि बहुत सारे उप-उपमण्डल 40000 से अधिक उपभोक्ताओं को संभाल रहे हैं। हिसार जोन प्रेसिडेंट आशीष मोदी ने बताया कि आज तक दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम में एचबीपीई द्वारा 2021 में अनुमोदित, एक्सईएन के 29 पदों के मुकाबले केवल 2 पद ही भरे गए हैं और चरखी दादरी और नूंह ज़िले में किसी अधीक्षण अभियंता की नियुक्ति आज तक नहीं की हुई है, जिसके कारण बिजली की सेवाओं के लिए उपभोक्ताओं और कर्मचारियों को दूसरे डिस्ट्रिक्ट जाना पड़ता है।



प्रदर्शन करते हरियाणा पावर इंजीनियर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी व सदस्य।

इस प्रकार, एसडीओ और एक्सईएन के पुनर्गठन के कार्यान्वयन में प्रशासन विंग की ओर से देरी हो रही है जिसके कारण उपभोक्ताओं को सेवायें आरटीएस एक्ट के अनुसार नहीं मिल पा रहीं हैं और साथ ही आरटीएस कमीशन भी काम समय पर ना होने पर जुर्माना लगा देता है 1 प्रदर्शन में 70 से अधिक अधिकारियों ने भाग लिया और एसोसिएशन ने मांग न माने जाने पर आंदोलन को और तेज करने की अपील की।




# कोमल बैनीवाल ने सपनों की ऊंची उड़ान भरकर अल्पायु में ही किया अपने गांव के साथ-साथ पूरे क्षेत्र का नाम रोशन

- 'पुरुषोत्तम काव्य शिरोमणि सम्मान 2025' व 'अतुल्य भारत पुरस्कार 2025' से हो चुकी सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭मंडी आदमपुर

जिले के आदमपुर तहसील के छोटे-से गांव चुली देशवाली की होनहार बेटी कोमल बैनीवाल 'साहित्या' ने मात्र 20 वर्ष की कम उम्र में ही सपनों की ऊंची उड़ान भरकर अपने गांव के साथ-साथ पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। कोमल बैनीवाल ने अल्पायु में ही शब्दों को जोड़ना आरंभ कर दिया था और आज साहित्य के क्षेत्र में सितारा बनकर उभरती हुई नजर आती है। छत्तीसगढ़ के वेदांत प्रकाशन द्वारा श्री पुखराज 'प्राज' के संपादन में प्रकाशित 'साहित्या-एक बेबाक परिंदा' कोमल की पहली एकल पुस्तक है, जिसका प्रमुख उद्देश्य समाज को एक नई सकारात्मक दिशा देना है। ये पुस्तक एक विशेष और अविस्मरणीय पहचान रखती है। ये बात इस पुस्तक को ओर खास बनाती है कि ये पूर्णतः काव्य रूप में लिखी गई है। कोमल ने इससे पहले अनेक श्रेष्ठ साझा संग्रह में अपनी लेखनी चलाई है। अपने इसी जुनून, दृढ़ संकल्प व मेहनत के चलते साहित्य क्षेत्र में काफी मान-सम्मान प्राप्त किया है कोमल ने। इन्हें 'पुरूषोत्तम काव्य शिरोमणि सम्मान 2025' व 'अतुल्य भारत पुरस्कार 2025' से सम्मानित किया जा चुका है। कोमल बताती है कि मेरे इस सफर में मेरे प्रियजनों व परिवार का विशेष योगदान रहा है। इनकी तीन पीढ़ियां लगातार देशसेवा में अपना महत्वपूर्ण योगदान देती आई हैं। कोमल चौथी पीढ़ी में आती है और अपने परिवार की राष्ट्रभक्ति की इस लहर को फीका नहीं पड़ने देना चाहती किसी भी हालत में। साहित्य के क्षेत्र में इतनी गहरी चेतना को देखते हुए इन्हें अपने शुभचिंतकों द्वारा प्रथम 'साहित्या' व द्वितीय 'श्री सखी' उपनाम दिया गया।




कोमल बैनीवाल की पुस्तक 'साहित्या' एक बेबाक परिंदा।

### एकता भाइचारे की गूंजों को लिखती-गाती रही



कोमल बैनीवाल 'साहित्या' निरंतर राष्ट्रप्रेम, अन्नदाता के सम्मान, नारीवाद, जीवन के संघर्षों, भ्रष्टाचार के खिलाफ व भक्तिमय काव्य की अद्भुत छटा को अपनी कलम द्वारा बिखेरती हुई समाज में एकता भाइचारे की गूंजों को लिखती-गाती रही हैं।


पूरी दुनिया में 700 मिलियन से एक बिलियन कुत्ते हैं।


शुतुरमुर्ग की आंखें उसके मस्तिष्क से भी बड़ी होती हैं।

# स्पेस साइंस में बेहतर करियर के लिए करें ये कोर्स



नॉलेज

**यंगभूमि डेस्क**

एडवांस्ड टेक्नोलॉजी के कारण आज नए-नए कॅरियर विकल्प युवाओं के लिए खुल रहे हैं, इन्हीं में से एक है स्पेस साइंस। क्या अनंत आकाश आपको अपनी ओर आकर्षित करता है, क्या आपमें ब्रह्माण्ड के रहस्य सुलझाने का जज्बा है, क्या धैर्य और बुद्धि आपके प्लस पॉइंट हैं। यदि हां, तो अंतरिक्ष विज्ञान आपको पुकार रहा है। देश के सैटेलाइट लॉन्चिंग का राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजार में धाक जमने लगी है, जिसके कारण यहां के युवा वैज्ञानियों के के लिए भारतीय व विदेशी अंतरिक्ष विज्ञान के दरवाजे खुलने लगे हैं। इस समय भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो न केवल भारत के उपग्रह अंतरिक्ष में सफलतापूर्वक स्थापित कर रहा है।

## आसमान का संसार

अंतरिक्ष विज्ञान वह शाखा है, जिसके अंतर्गत पृथ्वी से परे करोड़ों ग्रहों, उपग्रहों, तारों, धूमकेतुओं, आकाशगंगाओं एवं अन्य अंतरिक्षीय पिंडों का अध्ययन किया जाता है। इसके अलावा अंतरिक्ष विज्ञान के अंतर्गत उन नियमों एवं प्रभावों का भी अध्ययन किया जाता है, जो इन्हें संचालित करते हैं। अंतरिक्ष विज्ञान में करियर उन हजारों रहस्यों से पर्दा उठाने का अवसर भी होता है, जो अभी तक अनसुलझे हैं। यह न केवल वैज्ञानिक स्वभाव की परीक्षा होती है, बल्कि आपकी जिज्ञासाएं भी स्तर-दर-स्तर शांत होती जाती हैं। इसे अपना करियर चुनने वाले जहां देश के बेस्ट ब्रेन कैटेगरी में शुमार किए जाते हैं, वहीं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी बुद्धिजीवी के रूप में उनकी विशिष्ट पहचान बनती है।

### क्या है स्पेस साइंस

स्पेस साइंस या स्पेस टेक्नोलॉजी बहुत बड़ा क्षेत्र है। इसके तहत एस्ट्रोनॉमी व एस्ट्रोफिजिक्सए प्रामेट्ररी एटमॉस्फियर और एयरोनॉमीए अर्थ साइंसेस और सोलर सिस्टम की पढ़ाई आती है। आज के दौर में स्पेस साइंस की कई सब-ब्रांचेज भी हैं। इनमें से मुख्य है कॉस्मोलॉजी, स्टेलर साइंस, प्लेनेटरी साइंस, एस्ट्रोनॉमी, एस्ट्रोलॉजी आदि। साइंस और इंजीनियरिंग की ये शाखाएं अंतरिक्ष के चारों तरफ घूमती हैं।

## जरूरी योग्यताएं

अंतरिक्ष विज्ञान में करियर बनाने के लिए सबसे पहले आपको 11वीं कक्षा में गणित विषय लेना होगा, 12वीं गणित में उत्तीर्ण करने के बाद आपको बीएससी की डिग्री लेनी होगी, जहां आपके विषयों में फिजिक्स एवं गणित भी होना जरूरी है। साइंस से स्नातक होने के बाद आप एस्ट्रोनॉमी थ्योरी या एस्ट्रोनॉमी ऑब्जर्वेशन कोर्स चुन सकते हैं। वहीं मास्टर्स डिग्री के बाद विशिष्ट कोर्सेज में प्रवेश लिया जा सकता है। यदि आप बारहवीं के बाद इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिकल कम्युनिकेशन में बीई करते हैं, तो आप इंस्ट्रूमेंट एस्ट्रोनॉमी या एक्सपेरिमेंटल एस्ट्रोनॉमी के क्षेत्र में करियर बना सकते हैं। इसी दिशा में आगे बढ़ने पर आगे एस्ट्रोनॉमी में पीएचडी भी कर सकते हैं। अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में देश में केवल मास्टर स्तर व पीएचडी प्रोग्राम ही विश्वविद्यालयों में सामान्यत उपलब्ध हैं। वहीं एक वर्षीय ज्वॉइंट एस्ट्रोनॉमी प्रोग्राम इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस, बेंगलुरू चलाती है। यह प्रोग्राम इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ एस्ट्रोफिजिक्स, रमण रिसर्च इंस्टीट्यूट और टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च, मुंबई के साथ मिलकर चलाया जाता है। कोर्स की समाप्ति के बाद आपको इन्हीं इंस्टीट्यूट्स में से एक में पीएचडी की भी ऑफर दी जाती है।

### एस्ट्रोनॉट बनने के लिए यह गुण जरूरी

एस्ट्रोनॉट बनने के लिए कई गुण बहुत जरूरी है, उसमें से एक है आकाश में तारों के पैटर्न, उनकी हलचल आदि का अध्ययन करना। यह बहुत लंबा और समय लेने वाला पेचीदा काम है। इसलिए धैर्य इस पेशे का पहला व सबसे जरूरी गुण भी है। वहीं अगली बेहद जरूरी विशेषता आपका जिज्ञासु होना है। इस फील्ड में पूरे आत्मविश्वास और उत्साह से रहस्यमयी प्रश्नों के उत्तर तलाशने होते हैं। आपमें चीजों के प्रति साइंटिफिक एप्रोच के अलावा प्रोग्रामिंग स्किल भी बेहतरीन होनी जरूरी है।

## स्पेस साइंस में ये करियर ऑप्शन

### एस्ट्रोनॉमी

स्पेस सांइस में एक एस्ट्रोनॉमी का कार्य आउटर स्पेस का रिसर्च करना होता है। इसमें सौर मंडल, तारे, आकाशगंगा, ग्रह आदि शामिल होता है। जिस पर ये जमीन से ही रिसर्च कर यहां पर होने वाली विभिन्न घटनाओं का पता लगाते हैं।

### एस्ट्रोनॉट

एस्ट्रोनॉट के बारे में लगभग सभी लोग जानते हैं, ये वो लोग होते हैं, जो अंतरिक्ष में चहलकदमी कर अपने सपनों को पूरा करते हैं। इनका कार्य स्पेस स्टेशन पर रहकर रिसर्च करना है। इन्हें स्पेस स्टेशन में महीनों रहना पड़ता है।

### स्पेस टेक्नोलॉजी

इस फील्ड में स्पेस टेक्नोलॉजी का करियर भी काफी शानदार माना जाता है। इसमें सेटेलाइट, स्पेस स्टेशन, स्पेसक्रॉफ्ट, स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर इक्यूमेंट को डिजाइन करने का कार्य किया जाता है।

### स्पेस इंजीनियरिंग

स्पेस इंजीनियर का सबसे प्रमुख कार्य होता है। ये किसी भी स्पेस अभियान से जुड़े सभी इक्यूमेंट को डिजाइन करते हैं। यहां पर एयरोस्पेस, रोबोटिक्स, मटेरियल साइंस, कंप्यूटर इंजीनियरिंग के साथ ही मैकेनिकल और टेलीकॉम इंजीनियरिंग जैसे कई फील्ड में इंजीनियर कार्य करते हैं।

### स्पेस रिसर्च

इस काफी व्यापक फील्ड माना जाता है। स्पेस रिसर्च में अलग-अलग फील्ड के विशेषज्ञ शामिल होते हैं। जैसे- एस्ट्रोफिजिसिस्ट, बायोलॉजिस्ट, बायोकैमिस्ट और बायोफिजिसिस्ट, जियोलॉजिस्ट और एस्ट्रोबायोलॉजिस्ट। ये सभी अपनी विशेषता के अनुसार कार्य करते हैं।

### स्पेस लॉ

आंतरिक्ष के क्षेत्र से जुड़ी गतिविधियों को नियंत्रित करने वाला लॉ है। इसमें देशों व कंपनियों के बीच समझौतों, संधियों, सम्मेलनों और संगठनों के नियमों की जानकारी हासिल की जाती है। आज के समय में जिस तरह स्पेस में भीड़ बढ़ रही है, उसे देखते हुए स्पेस लॉ में अच्छा करियर ऑप्शन बन सकता है।

### स्पेस टूरिज्म

स्पेस के फील्ड में यह सबसे तेजी से उभरता हुआ फील्ड है। इसमें अब कई नई प्राइवेट कंपनियां आ रही हैं। यहां पर युवाओं के लिए करियर बनाने का शानदार मौका है। आज के समय में स्टेस टूरिज्म के क्षेत्र में वर्जिन गेलेक्टिक, ब्लू ओरिजिन, ओरियन, स्पेसएक्स, ओरियन स्पैन और बोइंग जैसी कंपनियां लगी हुई हैं।

---

हेल्थकेयर एडमिनिस्ट्रेशन के तौर पर भी जाना जाता है इस फील्ड को

# हॉस्पिटल मैनेजमेंट का कोर्स कर कॅरियर को दें नई उड़ान, इस फील्ड में होगी लाखों की कमाई

जॉब ट्रेंड्स

**करियर डेस्क**

इस क्षेत्र में काम तेजी से बढ़ रहा



कोरोना महामारी के बाद हेल्थ सेक्टर में कई बड़े बदलाव हुए हैं। साथ ही कॅरियर के तौर पर भी कई ऑप्शन सामने आए हैं। बता दें कि पहले नर्सिंग और एमबीबीएस कर मेडिकल सेक्टर में कॅरियर बनाया जा सकता था। लेकिन अब इस सेक्टर में मेडिकल की डिग्री के बिना भी आप अपना कॅरियर बना सकते हैं। इन्हीं में से एक कॅरियर ऑप्शन हॉस्पिटल मैनेजमेंट का है। हॉस्पिटल मैनेजमेंट को हेल्थकेयर एडमिनिस्ट्रेशन और हेल्थ एडमिनिस्ट्रेशन के तौर पर भी जाना जाता है। इस सेक्टर से जुड़े लोगों के अनुसार, स्वास्थ्य संबंधित सेवाओं के विस्तार के अलावा हॉस्पिटल मैनेजमेंट के क्षेत्र में भी काम बढ़ रहा है। आइए जानते हैं आप कैसे इस सेक्टर में अपना कॅरियर शुरू कर सकते हैं।

### जानिए क्या है हॉस्पिटल मैनेजमेंट



बता दें कि हॉस्पिटल मैनेजमेंट हेल्थ केयर एडमिनिस्ट्रेशन डिपार्टमेंट के क्षेत्र में आता है। इसका काम हॉस्पिटल में सभी व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से चलवाना है। इसके अलावा इसका काम यह सुनिश्चित करना है कि हॉस्पिटल आने वाले मरीजों और वहां काम करने वाले कर्मचारियों को किसी तरह की कोई समस्या ना हो। हॉस्पिटल मैनेजमेंट टीम इन व्यवस्थाओं को सुनियोजित करने का काम भी करती है।

### अहम है यह फील्ड

हॉस्पिटल मैनेजमेंट के तहत हॉस्पिटल में चलने वाली कैंटीन से लेकर लिफ्ट तक का कार्यभार ही आता है। किसी भी संचालन में कमी और अस्पताल में होने वाले हादसों की जिम्मेदारी भी हॉस्पिटल मैनेजमेंट की होती है। एक सर्वे के मुताबिक भारत में साल 2025 तक 10 लाख से ज्यादा हॉस्पिटल मैनेजर्स की जरूरत होगी।

### हॉस्पिटल मैनेजमेंट कोर्स

कई संस्थान हॉस्पिटल मैनेजमेंट में बैचलर की डिग्री देते हैं। यह कोर्स 3 साल का होता है। इसके अलावा आप इसमें प्रोफेशनल कोर्स में मास्टर्स डिग्री भी प्राप्त कर सकते हैं। वर्तमान समय में हॉस्पिटल मैनेजमेंट के कोर्स में एमबीए वालों को प्राथमिकता दी जा रही है। वहीं प्राइवेट संस्थान हॉस्पिटल मैनेजमेंट कोर्स डिप्लोमा सर्टिफिकेट भी देते हैं।

### क्या चाहिए क्वालिफिकेशन

हॉस्पिटल मैनेजमेंट कोर्स करने के लिए स्टूडेंट का 12वीं कक्षा साइंस स्ट्रीम के साथ पास होना आवश्यक होता है। यह कोर्स करने के लिए छात्र के 12वीं में बायोलॉजी में न्यूनतम 50% अंक होने जरूरी है। कुछ शैक्षणिक संस्थान इंटरव्यू और टेस्ट के आधार पर भी इस कोर्स में दाखिला देते हैं।

**यहां से करें हॉस्पिटल मैनेजमेंट कोर्स**

अपोलो इंस्टिट्यूट ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन, हैदराबाद
इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल वेलफेयर एंड मैनेजमेंट, कोलकाता
आर्म्ड फोर्सेज मेडिकल कॉलेज, पुणे
देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर
एम्स, नई दिल्ली

हॉस्पिटल मैनेजमेंट को हेल्थकेयर एडमिनिस्ट्रेशन और हेल्थ एडमिनिस्ट्रेशन के तौर पर भी जाना जाता है। इसका काम हॉस्पिटल में सभी व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से चलवाना है।

### 40 से 50 हजार रुपये सैलरी

हॉस्पिटल मैनेजमेंट कोर्स करने के बाद उम्मीदवार 40 से 50 हजार रुपये प्रतिमाह कमाने का मौका मिलता है। इसके अलावा सरकारी संस्थान में एक से डेढ़ लाख रूपए महीने की सैलरी उठा सकते हैं। समय और अनुभव बढ़ने के साथ ही सैलरी में भी बढ़ोतरी होती जाएगी। यह एक ऐसा फील्ड है जिसमें आने वाले समय में करियर बनाने के काफी स्कोप है। आज के आधुनिक समय में लोगों को किसी भी बीमारी का सामना करना पड़ता है तो लोग तुरंत हॉस्पिटल में भर्ती होते हैं। कोरोना के दौरान जब लाखों की संख्या में लोग अस्पतालों में भर्ती हुए तो उस समय मैनेजमेंट सिस्टम पूरी तरह चरमरा गया था

---

कर सकते हैं फुल टाइम वर्क भी

# 12वीं के बाद करें गेम डिजाइनिंग का कोर्स, कॅरियर ग्रोथ के साथ मिलेगा लाखों रुपये का पैकेज

**अगर आप भी** 12वीं के बाद किसी ऐसे कोर्स की तलाश में हैं, जहां पर आपके कॅरियर ग्रोथ के साथ अच्छा पैसा कमा सकें। तो बता दें कि आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। क्योंकि आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको एक बेहतरीन कॅरियर आप्शन के बारे में बताने जा रहे हैं। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको गेमिंग इंडस्ट्री के बारे में जरूरी जानकारी देने जा रहे हैं। बता दें कि इस फील्ड में आने के बाद आपको किस तरह का कॅरियर ग्रोथ मिलेगा। इस फील्ड में आने के लिए क्या क्वालिफिकेशन चाहिए होती है, इन सारे सवालों के जवाब आपको इस आर्टिकल में मिलेंगे। ऐसे में अगर आप भी 12वीं के बाद किसी बेहतरीन फील्ड की तलाश में हैं, तो गेमिंग फील्ड आपके लिए एक अच्छा ऑप्शन साबित हो सकता है। वर्तमान समय की बात करें तो देश में गेमिंग इंडस्ट्री में 50,000 से ज्यादा लोग फुल टाइम वर्क कर रहे हैं। जिसमें से 30 फीसदी लोग प्रोग्रामर और डेवलपर के तौर पर काम कर रहे हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक साल 2022-23 में यह फील्ड 20-30 प्रतिशत की दर से ग्रोथ करेगा। वहीं इस फील्ड में डायरेक्ट और इनडायरेक्ट तौर पर लाखों की संख्या में जॉब्स पैदा होने की संभावनाएं हैं।

### गेम डिजाइनर

गेम डिजाइनर गेम के कैरेक्टर्स, गेम के लेवल के अलावा तमाम बारीकियों को ध्यान में रखकर उसे इंट्रेस्टिंग बनाने पर फोकस करते हैं। वहीं गेम राइटर डायग्राम आदि बनाकर उसके अलग-अलग वर्जन को तैयार करते हैं। गेम डिजाइनर को टेक्निकल नॉलेज होने के साथ ही सोच में क्रिएटिविटी भी होनी चाहिए। गेम तैयार करने के लिए उसकी डिजाइन, डेवलपर्स, आर्टिस्ट्स और अन्य प्रोफेशनल की टीम एक साथ वर्क करती है।

### क्वालिफिकेशन

- छात्र ने साइंस स्ट्रीम से 12वीं पास किया हो।
- कंप्यूटर और सॉफ्टवेयर की नॉलेज होना जरूरी होता है।
- गेम डिजाइनर बनने के लिए आपकी इंग्लिश भाषा पर अच्छी पकड़ होनी जरूरी है।
- इस फील्ड में आप गेम डिजाइनिंग, गेम डेवलपिंग, आर्ट, एनिमेशन, कंप्यूटर साइंस, कंप्यूटर ग्राफिक्स, इलस्ट्रेशन या मार्केटिंग में बैचलर डिग्री या पेशेवर सर्टिफिकेशन कोर्स कर सकते हैं।

### जरूरी स्किल्स

- गेमिंग फील्ड में कॅरियर बनाने वाले स्टूडेंट्स के पास कैरेक्टर डिजाइन, एनिमेशन, कांसेप्ट आर्ट और विजुअल इफेक्ट की जानकारी होनी चाहिए।
- इस फील्ड में 2 डी गेम डेवलपर्स, 3 डी गेम डेवलपर्स और जावा आदि में अपार संभावनाएं हैं।
- इस फील्ड में डिजाइनिंग के साथ 2डी सॉफ्टवेयर और 3डी मॉड्यूलिंग की नॉलेज होना बहुत जरूरी है।
- ऑडियो इंजीनियर के लिए युवाओं के पास साउंड इंजीनियरिंग और अन्य लैंग्वेज की जानकारी होना बेहद जरूरी है।

### जॉब प्रोफाइल

इस फील्ड में युवा एनिमेटर, क्यूएक टेस्टर, ऑडियो इंजीनियर, गेम डिजाइनर, गेम डेवलपर, सॉफ्टवेयर इंजीनियर और प्रोड्यूसर, मैनेजर्स, कास्टर्स, ईस्पोर्ट्स प्रोफेशनल्स, स्ट्रीमर्स, इंफ्यूएंसर्स के तौर पर अपना कॅरियर बना सकते हैं।

---

# नकली समाचार का खतरा और युवाओं का डिजिटल मंचों की ओर झुकाव



मोटिवेशनल

**डॉ. दिव्या तंवर**

आज के डिजिटल युग में सूचना का प्रवाह इतना तेज है कि सही और गलत जानकारी के बीच अंतर करना मुश्किल हो गया है। नकली समाचार, जिसे अंग्रेजी में "फेक न्यूज" कहा जाता है, युवाओं के लिए एक गंभीर खतरा बन चुका है। यह न केवल उनकी सोच को प्रभावित करता है, बल्कि उनकी मानसिक और भावनात्मक स्थिति पर भी असर डालता है। यही कारण है कि आज की युवा पीढ़ी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से दूरी बनाकर डिजिटल मंचों की ओर अधिक आकर्षित हो रही है। इस लेख में हम नकली समाचार के खतरों, युवाओं के इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से दूरी बनाने के कारणों और पढ़ाई में बेहतर करने के लिए प्रेरणा के तरीकों पर चर्चा करेंगे।

## गलत और भ्रामक जानकारी दी जा रही

नकली समाचार का युवाओं पर प्रभाव

नकली समाचार ऐसी जानकारी होती है जो जानबूझकर गलत या भ्रामक होती है। यह सोशल मीडिया, व्हाट्सएप, और अन्य डिजिटल मंचों के माध्यम से तेजी से फैलती है। युवा, जो अपने विचारों को आकार देने के लिए सूचनाओं पर निर्भर रहते हैं, अक्सर ऐसी खबरों का शिकार हो जाते हैं। इसके कुछ प्रमुख प्रभाव हैं:

**गलत धारणाएं बनना:** नकली समाचार युवाओं में गलत विश्वास पैदा करते हैं, जैसे किसी समुदाय, व्यक्ति या घटना के प्रति नफरत या गलत धारणा।

**मानसिक तनाव:** भ्रामक खबरें डर, चिंता और अविश्वास को बढ़ावा देती हैं, जिससे युवाओं का मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित होता है।

**समय की बर्बादी:** ऐसी खबरों को पढ़ने और उन पर बहस करने में युवा अपना कीमती समय खो देते हैं, जो उनकी पढ़ाई और करियर पर असर डालता है।

**सामाजिक विभाजन:** नकली समाचार समाज में विभाजन पैदा करते हैं, जिससे युवा अपनी एकता और सामाजिक मूल्यों को खोने लगते हैं।

**इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से दूरी क्यों?**

इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, जैसे टीवी न्यूज चैनल, अक्सर सनसनीखेज और अतिशयोक्तिपूर्ण खबरें दिखाते हैं। ये खबरें दर्शकों का ध्यान खींचने के लिए बनाई जाती हैं, लेकिन इनमें सच्चाई की कमी होती है।

## टीवी पर एकतरफा कवरेज

**विश्वास की कमी:** युवा न्यूज चैनलों पर भरोसा नहीं करते, क्योंकि उन्हें लगता है कि ये चैनल पक्षपातपूर्ण या प्रायोजित हैं।

**डिजिटल मंचों की स्वतंत्रता:** सोशल मीडिया और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर युवाओं को अपनी पसंद की सामग्री चुनने की आजादी मिलती है, जो उन्हें इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से ज्यादा आकर्षक लगती है।

**सूचना की अधिकता:** डिजिटल मंचों पर युवा कई स्रोतों से जानकारी ले सकते हैं और तुलना कर सकते हैं, जबकि टीवी पर एकतरफा कवरेज मिलता है।

**मनोरंजन का विकल्प:** डिजिटल प्लेटफॉर्म पर मनोरंजन, शिक्षा और समाचार एक साथ उपलब्ध हैं, जो युवाओं को अधिक उपयोगी लगता है।

यहां कुछ तरीके दिए गए हैं, जिनसे युवा खुद को प्रेरित कर सकते हैं:

**लक्ष्य निर्धारित करें:** छोटे और बड़े लक्ष्य बनाएं, जैसे रोजाना एक नया टॉपिक पढ़ना या सप्ताह में एक कौशल सीखना। यह प्रगति का अहसास दिलाएगा।

**सूचना सत्यापन:** हर खबर को बिना जांचे स्वीकार न करें। विश्वसनीय स्रोतों जैसे किताबें, शैक्षिक वेबसाइट्स और विशेषज्ञों की राय पर भरोसा करें।

**समय प्रबंधन:** सोशल मीडिया और न्यूज देखने का समय सीमित करें।

---

## सामान्य ज्ञान

**1.** निम्नलिखित में से उस यंत्र का नाम बताइए जो कम्प्यूटर को टेलीफोन लाइनसे जोड़ता है
(ए) स्कैनर
(बी) मॉडेम
(सी) सी.डी.रोम
(डी) प्रिंटर

**2.** कम्प्यूटर सिस्टम के किस भाग को भौतिक रूप से स्पर्श किया जाता है
(ए) डाटा
(बी) ओएस
(सी) हार्डवेयर
(डी) सोफ्टवेयर

**3.** डॉट मेट्रिक्स किसका एक प्रकार है
(ए) टेप
(बी) डिस्क
(सी) प्रिंटर
(डी) बस

**4.** सीडी-रोम है एक?
(ए) सेमीकंडकटर मेमोरी
(बी) मैग्नेटिक मेमोरी
(सी) मेमोरी रजिस्टर
(डी) इनमे से कोई नही

**5.** एकछोटे सिलिकॉन चिप पर ट्रांजिस्टरों और अन्य इलेक्ट्रोनिक उपकरणों के साथ पोर्न इलेक्ट्रोनिक सर्केट को.....कहते है
(ए) वर्क स्टेशन
(बी) सीपीयू
(सी) मैग्नेटिक डिस्क
(डी) इंटिग्रेटेड सर्किट

**6.** ....कम्प्यूटर को बताती है की इसके उपकरणों का प्रयोग कैसे करण चाहिए
(ए) यूटिलिटी
(बी) नेटवर्क
(सी) एप्लीकेशन
(डी) ओपी

**7.** सी, बेसिक, केबोल और जावा ...... भाषाओं के उदहारण है
(ए) लो लेबल
(बी) कम्प्यूटर
(सी) सिस्टम प्रोग्रामिंग
(डी) हाई लेबल

**उत्तर** 1.(बी) 2.(सी) 3.(सी) 4.(बी) 5.(डी) 6.(डी) 7.(डी)

## खबर संक्षेप

### 10 मई को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**हिसार।** हरियाणा राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों के तहत आगामी 10 मई को हिसार एवं हांसी स्थित न्यायिक परिसरों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी व जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव अशोक कुमार ने बताया कि लोक अदालतों के माध्यम से आमजन के लंबित मामलों का त्वरित, सुलभ और आपसी सहमति से समाधान सुनिश्चित किया जाता है। उन्होंने कहा कि जिन नागरिकों के केस न्यायालयों में लंबित हैं, वे इस अवसर का लाभ उठाकर अपने मामलों का निपटारा शांतिपूर्ण ढंग से करवा सकते हैं।

### गांव मुगलपुरा में पानी बचाने का लिया संकल्प

**उकलाना।** गांव मुगलपुरा में ग्राम जल एवं सीवरेज समिति की एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता गांव की सरपंच एवं समिति की चेयरपर्सन राजपति द्वारा की गई। बैठक में जल संरक्षण को लेकर गंभीर चर्चा की गई और गांव में जल की अनावश्यक बर्बादी को रोकने के लिए ठोस कदम उठाने पर बल दिया गया। बैठक में जिला सलाहकार विनोद कुमार ने जल के महत्व पर प्रकाश डाला। बैठक में आंगनवाड़ी वर्कर सुनीता, पुनम, रोशनी, ग्रामीण कविता, बिमला, कृष्ण, सरपंच प्रतिनिधि मंगल राम, कृष्ण वर्मा सहित अन्य ग्रामीणों ने भाग लिया।

### पोषण पखवाड़ा को लेकर अधिकारियों की बैठक

**हिसार।** पोषण अभियान के तहत अतिरिक्त उपायुक्त सी जयाश्रद्धा की अध्यक्षता में पोषण पखवाड़ा को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग से जिला कार्यक्रम अधिकारी मंजू राणा, आयुष विभाग अधिकारी डॉ धर्मपाल पुनिया, खेल विभाग से पूजा ढांडा, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेंद्र सिंह, स्वास्थ्य विभाग से डॉ अनिल पंवार, महिला बाल विकास की परियोजना अधिकारी अनीता दलाल, सरिता, सुमन, कृष्णा चहल, राकेट लर्निंग से प्रोग्राम मैनेजर उदय उपस्थित रहे।

### ब्राह्मण सभा की बैठक का आयोजन

**मंडी आदमपुर।** शिव कॉलोनी स्थित ब्राह्मण धर्मशाला में भगवान परशुरम जयंती बनाने को लेकर ब्राह्मण सभा की बैठक आयोजित की गई। प्रधान मांगेराम शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में 27 अप्रैल को धूमधाम से भगवान परशुराम जंयती मनाने का फैसला किया गया। बैठक में मामराज मिश्रा, टेकचंद मुन्ना शर्मा, बजरंग पारीक, नवीन शर्मा, विकास शर्मा, गिरधारी शर्मा, मनु शर्मा, पवन महर्षि सहित अनेक विप्र बंधु मौजूद रहे।

### सोलर ट्यूबवेल की हजारों रुपये की वायर चोरी

**बरवाला।** गांव बधावड में एक किसान के खेत से सोलर ट्यूबवेल की हजारों रुपये की वायर चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने किसान की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी करने के आरोप में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज करके कार्रवाई आरंभ कर दी है। बधावड निवासी किसान शमशेर सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बरवाला बधावड माइनर नहरी मोगा नंबर 26200 के पास अज्ञात चोरों ने उसके खेत से सोलर ट्यूबवेल की दो सेट वायर प्रत्येक की लंबाई 70 फुट चुरा ली है।

### फैक्ट्री से चोर हजारों का सामान लेकर फरार

**सिरसा।** ऐलनाबाद में रिलायंस पेट्रोल पंप के साथ लगती श्री बालाजी अलमारी एंड ट्रंक हाऊस से चोर हजारों का सामान चोरी कर ले गए। गांव मैहनाखेड़ा निवासी राकेश ने बताया कि 7 अप्रैल को फैक्ट्री में सुबह करीब पौने 8 बजे तीन महिलाएं एक बच्चे के साथ फैक्ट्री की दीवार फांदकर अंदर घुसी और सभी औजार, अलमारी में लगने वाले हैंडल चोरी कर ले गई।

## गुजविप्रौवि में 'सूचना की शुचिता और राष्ट्र निर्माण' विषय पर परिसंवाद कार्यक्रम आयोजित

# जब तक व्यक्ति की अभिव्यक्ति करने की इच्छा रहेगी, तब तक मीडिया भी रहेगा : हितेश शंकर

- कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने की कार्यक्रम की अध्यक्षता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

जब तक व्यक्ति की अभिव्यक्त करने की इच्छा रहेगी, तब तक मीडिया भी रहेगा। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कुछ मुद्दों को लेकर कटुता का खेल खेला जा रहा है, नेरेटिव वार लड़ा जा रहा है। इस खेल के विरुद्ध नई पहल करने की जरूरत है। यह बात वरिष्ठ पत्रकार हितेश शंकर ने कही। वे शुक्रवार को गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण विभाग के सौजन्य से 'सूचना की शुचिता और राष्ट्र निर्माण' पर आयोजित एक दिवसीय परिसंवाद कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

चौधरी रणबीर सिंह सभागार में हुए इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने की। डीडी न्यूज, दिल्ली के वरिष्ठ सलाहकार संपादक अशोक श्रीवास्तव मुख्य वक्ता जबकि विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. विजय कुमार व संसद टीवी, दिल्ली के वरिष्ठ एंकर डा. मनोज वर्मा विशिष्ट अतिथि रहे। अधिष्ठाता, छात्र कल्याण एवं विभागाध्यक्ष बायोटेक्नोलॉजी प्रो. अनिल कुमार कार्यक्रम के संयोजक व प्रो. अरूणेश कुमार सह-संयोजक रहे।

मुख्य अतिथि हितेश शंकर ने कहा कि खबरों में मिलावट करने वालों का खुलासा होना चाहिए। इस मिलावट से सूचना की शुचिता प्रभावित हो रही है। विज्ञापन से इस खेल को ठंडा किया जा रहा है और विषयों में भरकर उत्तेजना का उत्सव मनाया जा रहा है। सूचनाओं में गंभीरता चाहिए। वर्तमान समय में सूचनाओं की बाढ़ है। विचारधाराओं के नाम पर ढोंग दिखाई देता है। जरूरी है कि इस ढोंग का भी पर्दाफाश हो।






हिसार। कार्यक्रम का उद्घाटन करते मुख्यातिथि हितेश शंकर, कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई एवं अन्य तथा यूथ रेडक्रॉस इकाई द्वारा शुरु किए गए स्वच्छता कार्यक्रम को रेडक्रॉस का ध्वज दिखाकर शुभारंभ करते मुख्यातिथि हितेश शंकर, साथ में हैं कुलपति प्रो .नरसी राम बिश्नोई। फोटो : हरिभूमि

### युवा सूचनाओं के चक्रव्यूह में फंसा : अशोक

मुख्य वक्ता अशोक श्रीवास्तव ने कहा कि आज का युवा सूचनाओं के चक्रव्यूह में फंसा हुआ है। फेक न्यूज और फेक नेरेटिव सबसे बड़े खतरे हैं। आधी अधूरी सूचनाएं दी जाती हैं, जिससे गलत नेरेटिव सेट किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया के अधिकतर देश भारत को आगे बढ़ते देखना नहीं चाह रहे। भारत के अंदर और बाहर जो षड्यंत्र हैं उन्हें समझना होगा और राष्ट्र निर्माण में बाधा बनने वाले गलत नेरेटिव्स का विरोध करना होगा। उन्होंने इस परिसंवाद कार्यक्रम को इस दिशा में एक शानदार पहल बताया।

### राष्ट्र निर्माण सूचना तंत्र पर निर्भर करता है : डॉ. वर्मा

विशिष्ट अतिथि डा. मनोज वर्मा ने कहा कि किसी देश का राष्ट्र निर्माण सूचना तंत्र पर निर्भर करता है। उन्होंने आजादी के बाद के अलग-अलग दौरों का उदाहरण देते हुए कहा कि अब तकनीकी युग आ गया है। सूचनाओं की भरमार है, लेकिन सूचनाओं की शुचिता पर सवाल खड़े हो गए हैं। फेक न्यूज वर्तमान समय की सबसे बड़ी चुनौती हैं। मुख्यातिथि ने विश्वविद्यालय की यूथ रेडक्रॉस इकाई द्वारा शुरु किए गए स्वच्छता कार्यक्रम को भी रेड क्रॉस का ध्वज दिखाकर शुभारंभ किया। डॉ. महावीर प्रसाद कार्यक्रम के संयोजक सचिव थे। मंच संचालन डॉ. गीतू धवन ने किया।

### सूचना का मूल द्रव्य सत्य : प्रो. बिश्नोई

*कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि यदि सूचना शुद्ध और सत्यानिष्ठ नहीं है, तो वह केवल एक शोर है, जिससे समाज में भ्रम व द्वेष फैलाता है। सूचना का मूल द्रव्य सत्य है। सूचना में तथ्यों का प्रस्तुतिकरण ही नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की भावना भी होनी चाहिए। सूचना से संवाद, संवाद से विचार और विचार से विकास होता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह कार्यक्रम केवल शैक्षणिक संवाद ही नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। बौद्धिक विमर्श ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय चेतना को जागृत करने का एक प्रयास भी है।*



बस स्टैंड रोड क्रांति चौक पर जमा सीवरेज का गंदा पानी।

### सीवरेज का गंदा पानी सड़कों पर फैलने से दुकानदार व लोग परेशान

**मंडी आदमपुर।** आदमपुर में पिछले काफी समय से सीवरेज का गंदा पानी सड़कों, बाजारों व गलियों में दौड़ रहा है तथा जब चाहे गलियां व बाजार सीवरेज के पानी से लबालब हो जाते हैं। इससे आवागमन के साथ-साथ आसपास रहने वाले लोगों व दुकानदारों को भी भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। बदबू के मारे बुरा हाल है और बीमारी फैलने का खतरा बन गया है। लोगों ने बताया कि सीवरेज व पानी की पाइप लाइनें डालने का कार्य पिछले दो सालों से चल रहा है लेकिन एक भी गली या बाजार का काम पूरा नहीं हुआ है अभी तक नए कनेक्शन नहीं जोड़े गए हैं। इसके चलते अनेक बार घरों में भी सीवरेज मिला पानी नलों में आ रहा है जो पीने योग्य तो दूर की बात किसी काम में इस्तेमाल के लायक नहीं है। इसके अलावा सीवरेज प्रतिदिन ओवरफ्लो हो रहे हैं जिसके चलते उन्हें भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। लोगों ने जनस्वास्थ्य विभाग एवं प्रशासन से ठेकेदार को जल्द से जल्द ठेकेदार को आदेश देकर जल्द से जल्द कार्य पूरा करवाने की मांग की है ताकि परेशानी से बचा जा सके।

### ओशो ध्यान उपवन में ध्यान व समर्पण ध्यान सत्र 20 को

**हिसार।** ओशो ध्यान उपवन में 20 अप्रैल को ध्यान व समर्पण विषय पर आधारित ध्यान सत्र का आयोजन किया जाएगा। प्रातः 10 बजे से दोपहर एक बजे तक चलने वाले इस ध्यान सत्र में साधकों को समर्पण का महत्व समझने का भी अवसर मिलेगा। ध्यान सत्र के आयोजक स्वामी संजय ने बताया कि कैसे हमारा जीवन समर्पित हो और कैसे हमारा जीवन प्रेमपूर्वक हो, इन विषयों को भी स्पष्ट किया जाएगा। इसके साथ ही मां सांची ध्यान का अभ्यास करवाते हुए ध्यान का महत्व भी समझाएंगी।

## भक्ति, विश्वास और भगवान की कृपा का संदेश देती है नानी बाई रो मायरो कथा : संत गोपीराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

सनातन धर्म हनुमान मंदिर, नागोरी गेट में मनाए जा रहे हनुमान जयंती महोत्सव के अंतिम दिन नानी बाई रो मायरा का पाठ करते हुए वृन्दावन से पधारे संत गोपीराम महाराज ने कहा कि नानी बाई रो मायरो अटूट श्रद्धा पर आधारित प्रेरणादायी कथा है। कथा के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण का गुणगान किया जाता है। भगवान को यदि सच्चे मन से याद किया जाये तो वे अपने भक्तों की रक्षा करने स्वयं आते हैं।

नानी बाई रो मायरो कथा भक्ति, विश्वास और भगवान की कृपा का संदेश देती है। कथा सिखाती है कि भगवान अपने भक्तों की पल-पल रक्षा करते हैं। कई लोगों की धारणा है कि कथा, सत्संग, भगवान की भक्ति बुढ़ापे में करेंगे, लेकिन यह गलत है। उन्होंने कहा कि भक्ति करने की कोई उम्र नहीं होती। कथा, सत्संग, भगवान की भक्ति युवावस्था में ही करनी चाहिए। बुढ़ापा आने तक इंतजार नहीं करना चाहिए। सत्संग कहीं भी हो, सुनना चाहिये तथा सत्संग में सुनी गई बातों में से यदि एक बात पर भी अमल कर लिया जाये तो हमारा जीवन सफल हो जाता है।

कथा के समापन पर ट्रस्ट के प्रधान कैलाश चौधरी एडवोकेट, सचिव मधुसूदन गुप्ता व महोत्सव संयोजक शिव कुमार मित्तल एडवोकेट ने संत गोपीराम महाराज का शॉल ओढ़ाकर व स्मृति चिह्न देकर अभिनंदन किया।






हिसार। हनुमान मंदिर, नागोरी गेट से प्रवचन देते संत गोपीराम महाराज व उपस्थित श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

### बीड़ बबरान धाम में संकीर्तन कल

**हिसार।** बीड़ बबरान धाम में 20 अप्रैल को संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान श्याम बाबा के दरबार को विशेष रूप से सजाकर भव्य स्वरूप दिया जाएगा। श्रद्धालु श्याम बाबा के दरबार में माथा टेककर मन्नत मांगेंगे। सायं 4 बजे से रात्रि 7 बजे चलने वाले इस संकीर्तन में विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालु हिस्सा लेंगे। संकीर्तन के दौरान हिसार के विभिन्न गायक भजनों के माध्यम से श्याम बाबा की महिमा से भक्तों को रूबरू करवाएंगे। बीड़ बबरान धाम के निज पुजारी विनय शर्मा ने बताया अर्जी संकीर्तन के दौरान दूर-दूर के क्षेत्रों से आए श्रद्धालु श्याम बाबा के दरबार में माथा टेककर और आराधना करते हुए अर्जी लगाते हैं। उन्होंने बताया कि इस अर्जी संकीर्तन के दौरान सच्चे मन से मांगी गई मन्नत अवश्य पूरी होती है।

## दयानंद कॉलेज में पर्यावरण संरक्षण जागरुकता के लिए दिखाई गई फिल्म

- विद्यार्थियों को जल संरक्षण, प्लास्टिक के दुष्प्रभाव से सम्बन्धित लघु फिल्म दिखाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

दयानंद कॉलेज में इको-क्लब के सौजन्य से विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरुक करने के लिए एक मूवी स्क्रीनिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इससे विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण बारे अनेक जानकारी मिली।

महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह मे कहा कि युवाओं की रूचि को ध्यान में रखते हुए लघु फिल्म के माध्यम से जागरुक करने की एक कोशिश की गई। कार्यक्रम की संयोजिका और ईको-क्लब की संरक्षिका प्रो. मंजू शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर विद्यार्थियों को जल संरक्षण, प्लास्टिक के दुष्प्रभाव से सम्बन्धित लघु फिल्म दिखाई गई। धरती पर करोड़ों वर्ष पूर्व उपस्थित जीवन को इतिहास और युग परिवर्तन के साथ हुए प्राकृतिक बदलाव को दर्शाती हुई मूवी 'वाकिंग विद डॉयनोसार' भी दिखाई गई। कार्यक्रम के सह-संयोजक डॉ. हेमंत शर्मा ने बताया कि ज्ञानवर्धन के साथ-साथ विद्यार्थियों ने इस रोमांचक कार्यक्रम का बहुत आनंद लिया।

इस अवसर पर इको-क्लब के सदस्य डॉ. संगीता, डॉ. वलेरिया सेठी व भूगोल विभाग के सभी प्राध्यापक मौजूद रहे।



हिसार। दयानंद कॉलेज में फिल्म देखते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि



मंडी आदमपुर। व्यापारियों की समस्याएं सुनते विधायक चंद्रप्रकाश व अन्य।

### पानी छिड़काव के लिए विधायक ने उपलब्ध करवाया टैंकर

**हिसार।** कांग्रेस विधायक चंद्र प्रकाश प्रकाश ने लोगों को धूल मिट्टी से बचाने के लिए टैंकर उपलब्ध करवाया है । इस मौके पर विधायक ने कहा कि लोगों की परेशानी को देखते हुए यह सुविधा उपलब्ध करवाई गई है ताकि सड़कों पर सुबह शाम छिड़काव किया जा सके एवं धूल मिट्टी से बचा जा सके। बाद में उन्होंने अनाज मंडी में उमेद भूतन के प्रतिष्ठान पर व्यापारियों की समस्याएं सुनी तथा समाधान के लिए विभाग के अधिकारियों को आदेश दिए। विधायक ने लाइनपार बन रही सड़कों का जायजा लिया। इस मौके पर व्यापार मंडल प्रधान नवीन बैनीवाल, सचिव कमल बंसल, अजीत जाकर, भूपेंद्र कासनियां, अमरजीत सिह, दिलीप जांगड़ा, संजय, विनोद राठौड़, प्रेम ओशो सहित कई कार्यकर्ता एवं लोग मौजूद रहे।

## किरतान से शाहपुर सड़क मार्ग खस्ताहाल होने से परेशानी

- प्रशासन को पत्र के माध्यम से काफी बार शिकायत भी दर्ज करवा चुके

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

किरतान से शाहपुर सड़क मार्ग खस्ताहाल होने से समाजसेवी एवं स्टेट यूथ अवार्डी मुकेश किरतान ने चिंता व्यक्त की है। उन्होंने बताया कि इस रोड की हालत जीर्णशीर्ण होने के कारण पिछले कई साल से ग्रामवासी परेशान है।

यह मार्ग हिसार जाने का सीधा रोड यही है। इसे सही करवाने के लिए प्रशासन को पत्र के माध्यम से काफी बार शिकायत भी दर्ज करवा चुके है। प्रशासन ने अब इस रोड को तोड़कर पत्थर डाले हुए है। पत्थर रोड पर डालने के बाद प्रशासन इसको भूल चुका है। रोड पर पत्थर बाहर बिखरे होने से तथा आने जाने वाहनों से लगातार धूल उड़ती रहती है। कई बार दुर्घटना का भी भय बना रहता है। अनेक वाहनों को नुकसान हो चुका है। उन्होंने प्रशासन से अनुरोध किया है कि इस रोड को जल्द बनाया जाए ताकि किसी के साथ कोई दुर्घटना ना हों।



हिसार। किरतान से शाहपुर मार्ग की खस्ता हालत। फोटो : हरिभूमि



मंडी आदमपुर। शांति निकेतन स्कूल के विजेता छात्र स्टाफ के साथ। फोटो : हरिभूमि

### छात्रों ने हिंदी ओलंपियाड में लहराया परचम

**मंडी आदमपुर।** शांति निकेतन पब्लिक स्कूल के प्रतिभावान छात्रों ने सिल्वरज़ोन फाउंडेशन द्वारा आयोजित हिंदी ओलंपियाड में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यार्थियों की इस सफलता ने यह सिद्ध कर दिया कि समर्पण, अभ्यास और मार्गदर्शन के साथ कोई भी लक्ष्य दूर नहीं। स्वर्ण पदक, नाएशा बिश्नोई, मयंक बैनीवाल, एकता, तनुज कुमार, ऋषि यादव, अनिकेत सोनी, शिक्षा स्वामी रजत पदक विजेता,हर्षवर्धन, विश्वजीत सिंह, रश्मि, हिमांशी, सोनम देवी, सोनिया कांस्य पदक विजेता, देवांश, याशिका, विनय कुमार,हिमांशु, खुशबू इस उपलब्धि के पीछे हिंदी विषय की शिक्षिकाओं विद्या, सुनीला, सुनीता और सरोज का मार्गदर्शन और प्रेरणा भी अहम रही। विद्यालय के ओलंपियाड समन्वयक नरेश कौशल ने पूरी प्रक्रिया को व्यवस्थित ढंग से संचालित कर छात्रों को इस मुकाम तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विद्यालय के चेयरमैन पपेंद्र ज्याणी, वाइस चेयरमैन डॉ. युद्धवीर बैनीवाल, डायरेक्टर अनिरुद्ध बिश्नोई तथा प्रिंसिपल राजेन्द्र ने विजयी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं।

### 3 दिनों में शहर से लगभग 160 जगह के गड्ढों की आई शिकायत

# शहर की सड़कों के गड्ढे भरने की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

प्रदेश सरकार की ओर से सभी सड़कों को 15 जून तक गड्ढा मुक्त बनाने का एलान किया गया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के इस एलान के बाद हिसार शहर की सड़कों के गड्ढों से मुक्त करने की मुहिम शुरू हुई। इसकी शुरूआत मेयर प्रवीण पोपली ने अर्बन एस्टेट-2 से की।

इस मौके पर मेयर प्रवीण पोपली ने बताया कि पिछले 3 दिनों में शहर से लगभग 160 जगह के करीब गड्ढों की शिकायत आई है जिसकी लोकेशन अधिकारियों को दी गई है। जल्द से जल्द इन सभी लोकेशन पर कार्य किए जाएंगे। मेयर ने बताया कि शुरुआत कंक्रीट की बनी सड़कों से की जाएगी।

सड़क यदि किसी ठेकेदार के कार्य की रखरखाव की समय अवधि में है तो ठेकेदार से ठीक करवाया जाएगा। इसके अलावा सड़क के गड्ढे नगर निगम ठीक कराएगा। मेयर प्रवीण पोपली ने शहरवासियों से अपील की है कि जहां पर भी सड़क पर गड्ढे दिखे तो नगर निगम के टोल फ्री नंबर 9953558000 पर लॉकेशन सहित फोटो भेजे। उस पर जल्द से जल्द कार्रवाई करके गड्ढे को ठीक करने का कार्य किया जाएगा।



हिसार। गड्ढे भरने की शुरुआत करते मेयर प्रवीण पोपली। फोटो : हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

इस दौरान एक्सईएन संदीप सिहाग, एमई संदीप बैनीवाल, जेई प्रवीन चौहान, पार्षद संजय डालमिया, पार्षद सतपाल पान्नू, वीरेन्द्र गुप्ता, होशियार सिंह फौजी सुभम वलेचा सहित क्षेत्रवासी मौजूद रहे।



हिसार। तम्बाकू निषेध व भ्रूण हत्या के खिलाफ शपथ लेते विद्यार्थी।

### तम्बाकू निषेध व भ्रूणहत्या के खिलाफ ली शपथ

**हिसार।** हिंदवान गांव सरकारी हाई स्कूल में शुक्रवार को नेशनल ओरल हेल्थ प्रोग्राम के अंतर्गत डॉ. कोपल डेंटल सर्जन प्राइमरी हेल्थ सेंटर चौधरीवास ने ओरल कैम्प लगाया व स्कूल में लेक्चर दिया। उन्होंने दांतों की सफाई का व ब्रश करने का सही तरीका मोडल पर समझाया। उन्होंने तम्बाकू के सेवन से होने वाले नुकसान से अवगत कराया और यह भी बताया कि नागरिक अस्पताल में बीडी-सिगरेट की लत भी छुड़वाई जाती है। डॉक्टर्स के परामर्श से यह इलाज पूरा कारगर है। इस दौरान स्कूल के अध्यापकों और विद्यार्थियों को भ्रूण हत्या के खिलाफ जागरूक किया गया। स्कूल के बच्चों व अध्यापकों को तम्बाकू निषेध व भ्रूण हत्या के खिलाफ शपथ ग्रहण करवाई गई। इस दौरान स्कूल के प्रिंसिपल विनोद कुमार, एएनएम चमेली व अन्य उपस्थित थे।

### पहलवान का शक्ति प्रदर्शन व एकेडमी का शुभारंभ कल

**भिवानी।** युवाओं को नशा व फास्ट फूड मुक्त बनाने के उद्देश्य से अखिल भारतीय युवा जनकल्याण संगठन के अध्यक्ष स्टील मैन पहलवान बिजेंद्र सिंह द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान चलाया हुआ है, जिसके तहत उन्होंने 100 शक्ति प्रदर्शन करने का लक्ष्य भी तय किया है। पहलवान बिजेंद्र सिंह द्वारा 96वां शक्ति प्रदर्शन स्टीलमैन ऑफ इंडिया हेल्थ एंड फिटनेस एकेडमी के शुभारंभ पर 20 अप्रैल को किया जाएगा।

**सूचना**

मैं, नरेश कुमार पुत्र श्री सोहनलाल निवासी मिर्चपुर, तहसील नारनौंद, जिला हिसार बयान करता हूं कि मेरा पुत्र रामप्रकसाद मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### धोखाधड़ी में अपचारी बालक जांच में शामिल

**हांसी।** सदर थाना पुलिस ने कोर्ट में गवाही से मुकरने के लिए 13 लाख रुपये लेकर धोखाधड़ी करने के एक मामले में अपचारी बालक को जांच में शामिल किया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार अपचारी बालक ने वर्ष 2024 में गांव सिसाय बोलान निवासी महाबीर के दो भतीजे किसी मामले में जेल में बंद थे और अदालत में गवाही से मुकरने के लिए उसने महाबीर से 13 लाख रुपये लेकर उसके साथ धोखाधड़ी की थी। पुलिस ने शुक्रवार को बाल अपचारी को सैशन कोर्ट के आदेशानुसार जांच में शामिल किया गया।

### चेक बाउंस मामले में उद्घघोषित गिरफ्तार

**हांसी।** पीओ स्टाफ हांसी पुलिस ने चेक बाउंस मामले में उद्घघोषित अपराधी खरकड़ा निवासी अजीत को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार पकड़े गए आरोपी को अदालत द्वार चैक बाउंस मामले में उद्घघोषित आरोपी करार दिया हुआ था। पीओ स्टाफ हांसी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया है।

### खेत से मोनो ब्लॉक पंप और गेहूं चोरी

**हांसी।** चोर खेत में ट्यूबवेल पर लगी वाटर पंप मोनो ब्लॉक और कमरे में रखा गेहूं चुरा कर ले गए। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर किसान नरेंद्र की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गोसाई गेट निवासी नरेंद्र ने बताया कि वह खेती-बाड़ी का कार्य करता है और उसने अपने खेत में सामान रखने के एक कमरा बनाया हुआ है। नरेंद्र ने बताया उसके खेत के हिस्सेदार ने बताया कि खेत में बना हुआ कमरे का ताला टूटा हुआ है और कमरे में ट्यूबवेल पर लगी मोनो ब्लॉक वाटर पंप, गेहूं व अन्य सामान भी गायब है।

### सैनीपुरा में अज्ञात कारणों से घर में लगी आग

**हांसी।** निकटवर्ती गांव सैनीपुरा में शुक्रवार सुबह अज्ञात कारणों के चलते एक घर में आग लग गई, जिससे घर में रखा सारा सामान जल कर राख हो गया। गनीमत रही कि आग लगने के समय कमरे में कोई मौजूद नहीं था अन्यथा हादसा बड़ा हो सकता था। घर में आग लगने की सूचना मिलने आसपास के लोगों ने बाल्टियों व अन्य साधनों से पानी डाल आग पर काबू पाया। आगजनी की घटना के बारे में जानकारी देते हुए मकान मालिक धर्मवीर के बेटे सतीश ने बताया कि वह शुक्रवार सुबह घर के आंगन में सोया हुआ था कि उसकी पत्नी से उठाया कि कमरे के अंदर आग लगी हुई है घर के अंदर लगी आग को देख उसने शोर मचाया तो आस पड़ोस के लोगों ने बाल्टियों व अन्य साधनों से अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया और जब तक लोगों ने आग पर काबू पाया तब तक सामान जल चुका था।

### खेड़ी लोहचब के जलघर से मोटर चुराई

**नारनौंद।** गांव खेड़ी लोहचब के जलघर से पानी सप्लाई की मोटर चोरी हो गई। मोटर चोरी होने से गांव में पानी सप्लाई ठप हो गई है। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जलघर खेड़ी लोहचब से 30 हॉर्स पावर की मोटर चोरी हो गई। यह घटना 12 अप्रैल की रात को हुई थी। अज्ञात चोरों ने पंप चैंबर के ताले तोड़े। फिर मोटर खोलकर ले गए। चोरी के कारण गांव में पीने के पानी की सप्लाई रुक गई है। जलघर पर तैनात कर्मचारियों ने कनिष्ठ अभियंता के माध्यम से उपमंडल कार्यालय को सूचना दी। उपमंडल अभियंता रणबीर सिंह ने 16 अप्रैल को थाना प्रभारी को पत्र भेजा।

### चैनत गांव में गली के निर्माण का शुभारंभ

**हांसी।** विधायक विनोद भयाना ने चैनत गांव में लगभग 20 लाख रुपये की लागत से बनने वाली 6 एकड़ लंबी तथा 10 फुट चौड़ी गली के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सरपंच हिमांशु, जेई दीपक, पूर्व सरपंच राम मेहर, नरेंद्र दूहन, सुभाष दूहन, बलजीत दूहन, रवि अरोड़ा, दीपक सुलतानपुर मौजूद रहे।

## विद्यार्थियों के लिए ऑन-स्पॉट पंजीकरण का प्रावधान

# मेगा जॉब फेयर 'केरिअर वर्स-2025' शुरू, प्लेसमेंट को पहुंचे हजारों विद्यार्थी

### शिक्षण और उद्योग के बीच सेतु प्रस्तुत करता ऐसा मंच : प्रो. बिश्नोई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



**हिसार।** कंपनियों के अधिकारियों के साथ कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई व अन्य अधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में दो दिवसीय मेगा जॉब फेयर 'केरिअर वर्स-2025' शुरु हो गया। इस मेगा जॉब फेयर में पहले दिन 30 से अधिक देश की प्रतिष्ठित कंपनियों ने प्लेसमेंट ड्राइव की। ड्राइव में विश्वविद्यालय, संबद्ध महाविद्यालयों तथा प्रदेश के अन्य शिक्षण संस्थानों से लगभग 1000 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने शुक्रवार को शुरू हुए 'केरिअर वर्स-2025' के अवसर पर कहा कि आप सभी ने मिलकर एक ऐसा मंच तैयार किया है जो न केवल हमारे विद्यार्थियों को सशक्त बनाता है, बल्कि शिक्षण एवं उद्योग के बीच एक महत्वपूर्ण सेतु भी प्रस्तुत करता है। आपकी भागीदारी इस कार्यक्रम की सफलता की नींव है। कंपनी के एचआर अधिकारियों ने कहा कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थी सक्षम हैं तथा उन्हें तकनीकी कौशल का अच्छा ज्ञान है। प्लेसमेंट निदेशक डॉ. प्रताप सिंह ने बताया कि जॉब फेयर के लिए विश्वविद्यालय ने ऑन-स्पॉट पंजीकरण का प्रावधान भी किया है और 300 से अधिक विद्यार्थियों ने ऑन-स्पॉट पंजीकरण भी करवाया। कंपनियों ने हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस, पीडीयूसीआईसी व पीडीयूआईआईसी में प्लेसमेंट ड्राइव संचालित की। पंजीकरण व्यवस्था चौधरी रणबीर सिंह सभागार के मुख्य हॉल में की गई।

डा. प्रताप सिंह ने बताया कि मुख्य रूप से आधार, पुखराज, एलआईसी, टेक महिन्द्रा, वीवीडीएन, इंडियन पोस्ट पेमेंट बैंक, केआईपी फाइनेंशियल, एक्सप्रैस रोडवेज, स्टार हेल्थ, आदि 30 से अधिक कंपनियों व शैक्षणिक प्रतिष्ठान अपने संस्थानों के लिए विद्यार्थियों की प्लेसमेंट कर रहे हैं।

#### इन संस्थानों के विद्यार्थी ले रहे हिस्सा

प्लेसमेंट ड्राइव में केंद्रीय विश्वविद्यालय हरियाणा, महेंद्रगढ़, चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जींद, महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक, चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय, सिरसा, दीनबंधू छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल, गुजविप्रौवि व सम्बद्ध महाविद्यालयों के विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। विद्यार्थियों का कहना है कि रोजगार और अच्छी जगह सेटल होने के लिए करवाई जा रही यह प्लेसमेंट बेहद सराहनीय है और इसका लाभ मिलेगा। इस अवसर पर एचआर कमेटी संयोजक प्रो. कर्मपाल नरवाल, विद्यार्थी कमेटी के संयोजक प्रो. ओमप्रकाश सांगवान, अन्य कमेटियों के संयोजक व सहायक निदेशक डा. आदित्यवीर सिंह उपस्थित रहे।

# फेडरेशन ने बैठक करके कई मुद्दों पर चर्चा की



**हिसार।** बैठक में उपस्थित ऑल हरियाणा यूनिवर्सिटी एंपलाइज फेडरेशन के पदाधिकारी। *फोटो :हरिभूमि*

- रोहतक के गैर शिक्षक कर्मचारी कल्याण संघ कार्यालय में हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

ऑल हरियाणा यूनिवर्सिटी एंपलाइज फेडरेशन की बैठक महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक के गैर शिक्षक कर्मचारी कल्याण संघ कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता चेयरमैन अनिल मल्होत्रा ने की जबकि संचालन सचिव अजमेर सिंह ने किया। बैठक में राज्य के सभी विश्वविद्यालय की यूनियन के प्रधान, महासचिव व अन्य पदाधिकारियों ने भाग लिया।

बैठक में सर्वसम्मति से गैर शिक्षक कर्मचारी कल्याण संघ, गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय हिसार के प्रधान विपिन वधवा को ऑल हरियाणा यूनिवर्सिटी एंपलाइज फेडरेशन का चेयरमैन नियुक्त किया गया। संदीप झुरिया को सचिव नियुक्त गया हैं। बैठक को संबोधित करते हुए प्रधान अनिल मल्होत्रा ने अपने कार्यकाल की समीक्षा रखी। नवनियुक्त चेयरमैन विपिन वधवा ने धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि आगामी कार्यकाल में सभी विश्वविद्यालयों की बैठक करके सभी मांगों पर विचार विमर्श किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि किसी भी विश्वविद्यालय की समस्या को प्राथमिकता के साथ लेते हुए उनको पूरा किया जाएगा।

बैठक में पूर्व चेयरमैन राज कुमार शर्मा, पूर्व प्रधान कुलवंत मलिक, पूर्व महासचिव सुरेश कुमार, विवेक त्यागी, कोषाध्यक्ष डॉ विजय पाल, उपप्रधान ज्ञान सिंह, कार्यकारिणी सदस्य, आशा बाल्यान, नैनी देवी, सुभाष हुडा, उपप्रधान धर्मेंद्र शर्मा, पीजीआई संघ के प्रधान वजीर सिंह, वरिष्ठ उपप्रधान संजय सिंहमार, लुवास, हिसार के प्रधान दयानंद सोनी, जीजेयू के पूर्व प्रधान इंद्राज भारती, उपप्रधान दीपक जांगड़ा, महासचिव सुशील कुमार, पुनीत खुराना, सुनील कौशिक, प्रेस सचिव मुकेश तंवर, अनिल जांगड़ा, संदीप मजोका व अशोक रोहिल्ला उपस्थित रहें।

# कर्मचारियों को हटाने से सरकार की मंशा साफ हुई : राकेश

- मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय पर प्रदर्शन को लेकर यूनियन ने की गेट मीटिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



**हिसार।** मीटिंग को संबोधित करते पदाधिकारी।

सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर यूनियन की पब्लिक हेल्थ ब्रांच हिसार ने मुख्य जलघर महावीर कॉलोनी पर गेट मीटिंग हुई। शाखा सचिव राकेश वशिष्ठ के संचालन में हुई गेट मीटिंग की अध्यक्षता ब्रांच प्रधान दीपक लोट ने की। गेट मीटिंग को संबोधित करते हुए ब्रांच प्रधान दीपक लोट व ब्रांच सचिव राकेश वशिष्ठ ने बताया कि सरकार लगातार हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत लगे कर्मचारियों को नौकरी से हटा रही है। इससे सरकार की मंशा साफ हो जाती है। ब्रांच सचिव राकेश वशिष्ठ ने बताया कि सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ सर्व कर्मचारी संघ के आह्वान पर 20 अप्रैल को मुख्यमंत्री के कुरुक्षेत्र स्थित कैंप कार्यालय पर प्रदर्शन किया जाएगा, जिसमें जनस्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी बढ़-चढ़कर भागीदारी करेंगे। इसके अलावा सरकार द्वारा 31 दिसंबर 2025 से पहले सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को आठवें वेतन आयोग का लाभ नहीं देने के विरोध में प्रदर्शन करेंगे।

# इंडस आरपीएस स्कूल में करवाई गई समाचार-पत्र गतिविधि

- समाचार-पत्र जन जागरण के स्त्रोत : डॉ. एकता सिंधु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

इंडस आरपीएस पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को समाचार -पत्र गतिविधि करवाई गई। इस गतिविधि में कक्षा पहली से बारहवीं के विद्यार्थियों ने भाग लिया और शिक्षकों ने समाचार -पत्र के महत्व के बारे में समझाते हुए बताया कि समाचार पत्र विद्यार्थियों को हर छोटी- बड़ी जानकारी देते हैं। समाचार- पत्र विद्यार्थियों को न केवल पढ़ने का कौशल बल्कि लेखन ,व्याकरण, शब्दावली और बोलने के कौशल को विकसित करने में भी मदद करते हैं। शिक्षकों ने समाचार पत्र की कीमत, पृष्ठ संख्या, संपादकीय विचार, खेलकूद और व्यवसाय के भाग का स्थान भी बताया। विद्यालय में समय-समय पर इस तरह की गतिविधियां करवाई जाती हैं ताकि बच्चों का मानसिक व बौद्धिक स्तर ऊपर उठ सके। इस अवसर पर विद्यालय की चेयरपर्सन डॉ. एकता सिंधु ने शिक्षकों व बच्चों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि समाचार- पत्र जन जागरण के स्त्रोत होते हैं। प्रधानाचार्या नीलम राठी ने बताया कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार बच्चों को भविष्य के लिए तैयार करना है, जो छात्र -केंद्रित, समावेशी , जिज्ञासा, रचनात्मक और आलोचनात्मक सोच को बढ़ावा दे और उन्होंने बच्चों व शिक्षकों को बधाई दी।

# अपराध रोकने को शहर में पुलिस ने शुरू किया पैदल गश्त अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



**हिसार।** बाजारों में पैदल गश्त करते पुलिस कर्मचारी।

पुलिस ने शहर में भीड़भाड़ वाले स्थानों, बाजारों, मुख्य चौक-चौराहों पर पैदल गश्त अभियान शुरू किया है। यह अभियान विभिन्न थाना क्षेत्रों में अपराध नियंत्रण, छेड़खानी, सड़क पर अवैध रूप से पार्किंग रोकने, यातायात व्यवस्था को सुगम करने और थाना क्षेत्र में इलाके के बारे में पूरी जानकारी रखने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने कहा है कि पुलिस के पैदल गश्त अभियान से लोगों में सुरक्षा की भावना उत्पन्न होगी। इस पहल के तहत शहरी क्षेत्र के सभी थाना प्रभारियों को अतिरिक्त पुलिस बल उपलब्ध करवाया गया है। थानाधिकारी अपने थाने और अतिरिक्त पुलिस बल के साथ में प्रतिदिन पूर्व निर्धारित मार्ग पर निर्धारित समय के अनुसार पैदल गश्त करेंगे। वे पुलिस बल को अपने विवेक अनुसार अलग अलग जगहों पर पैदल गश्त पर भेजेंगे। गश्त के मार्ग का चयन अपराध की प्रवृत्ति, छेड़खानी, ट्रैफिक की समस्या, अतिक्रमण की समस्या, बाजार या भीड़ वाले स्थान, स्कूल व कॉलेज के आसपास अवैध पार्किंग आदि के आधार पर की जाएगी। इस संबंध में उच्च अधिकारियों द्वारा समय समय पर अवलोकन कर रूट चार्ट तैयार किया जाएगा। पैदल गश्त के दौरान वाहनों की चैकिंग, संदिग्ध लोगों से पूछताछ के साथ पहचान भी की जाएगी।

# शैटरिंग खोलते ही लचका 10 लाख का स्वागत द्वार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उकलाना मंडी



**उकलाना मंडी।** लचके स्वागत द्वार को जेसीबी से गिराते मजदूर।

उकलाना में भूना-चंडीगढ़ रोड से 24सी की ओर जाने वाले रास्ते पर नगरपालिका द्वारा लगभग 10 लाख की लागत से बनवाए जा रहे स्वागत द्वार में बड़ी अनियमितता सामने आने के बाद नगरपालिका ने ठेकेदार को नोटिस जारी किया है। यह स्वागत द्वार शैटरिंग खोलते ही अचानक लटक गया था लेकिन बड़ा हादसा होने से टल गया। शुक्रवार को जेसीबी मशीन की सहायता से इस ढांचे को गिरा दिया गया।

उधर, स्वागत द्वार इस तरह शैटरिंग खोलते ही लचकने से नगरपालिका की भी जमकर किरकिरी हो रही है। दो दिनों से लोग नगरपालिका व अधिकारियों पर उंगली उठा रहे हैं। इसे देखते हुए नगरपालिका अध्यक्ष सुशील साहू व सचिव संदीप गर्ग मौके पर पहुंचे और सुरक्षा का जायजा लिया। नगरपालिका प्रशासन ने निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने पर ठेका एजेंसी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। सचिव संदीप गर्ग ने बताया कि मामले की पूरी जांच की जाएगी और जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। निर्माण कार्य में लगी एजेंसी को नोटिस जारी किया गया है। घटना पर स्थानीय नागरिकों ने भी नाराजगी जताई और सुझाव दिए कि जब इस स्वागत द्वार का दोबारा निर्माण करवाया जाए तो इसकी ऊंचाई कम से कम 20 फुट की जाए, ताकि मुख्य रोड से इस सड़क की ओर आने वाले बड़े वाहनों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। नागरिकों का यह भी कहना है कि ईंट-सीमेंट की बजाय लोहे का स्वागत द्वार बनाया जाए।

### बालसमंद फीडर के दोनों ओर घाट का निर्माण किया जाए

**हिसार।** हरियाणा के जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने सिंचाई विभाग के उच्चाधिकारियों को जिला में दिल्ली रोड पर बालसमंद फीडर के दोनों ओर घाट के निर्माण को लेकर निर्देशित किया है। उन्होंने कहा कि बालसमंद फीडर के दोनों ओर घाट के निर्माण की तत्काल आवश्यकता है, ताकि श्रद्धालुओं को हर वर्ष छठ पूजा की पूर्व संध्या पर भगवान सूर्य की पूजा करने की सुविधा प्रदान की जा सके। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि वर्तमान में जिला हिसार में ऐसा कोई स्थान नहीं है, जहां छठ पूजा पर श्रद्‌घालुओं को ऐसी सुविधा उपलब्ध हो। इसलिए व्यापक जनहित में बालसमंद फीडर के दोनों ओर घाटों का निर्माण किया जाना चाहिए।

# अगले सप्ताह से शुरू करेंगे अतिक्रमण हटाओ अभियान

- शहर को स्वच्छ शहर व आदर्श शहर बनाने के लिए सभी के सहयोग की आवश्यकता : मेयर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



प्रवीण पोपली, मेयर।

शहर से अतिक्रमण को अगले एक सप्ताह में हटाने की मुहिम की शुरुआत की जाएगी। इसके लिए मेयर प्रवीण पोपली की ओर से अधिकारियों को योजना बनाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दे दिए गए हैं और जल्द ही इस योजना पर कार्य शुरू किया जाएगा। सबसे पहले अतिक्रमण को हटाने का कार्य सिरसा चुंगी से शुरू किया जाएगा। इसके बाद दिल्ली रोड़, तोशाम रोड़ आईटीआई चौक तक और जिंदल चौक तक अतिक्रमण को हटाने का कार्य होगा। शहर की मुख्य मार्केटों से अतिक्रमण हटाने का कार्य किया जाएगा। मेयर प्रवीण पोपली ने कहा कि इस मुहिम को चलाने का मुख्य मकसद शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाना और ट्रैफिक व्यवस्था सुचारु करना है। मेयर प्रवीण पोपली ने कहा कि हिसार शहर को स्वच्छ शहर व आदर्श शहर बनाने के लिए सभी के सहयोग की आवश्यकता है। इसलिए उन्होंने शहरवासियों से अपील कि हैं कि हिसार को आदर्श शहर बनाएं।

# पिकअप की टक्कर से एक युवक की मौत, तीन घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

कैमरी रोड फ्लाईओवर पर पिकअप की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई। इनमें से दो युवक बाइक पर थे जबकि दो उनके साथ खड़े थे। हादसे में भिवानी के गांव दरियापुर के निवासी 22 वर्षीय रविंद्र कुमार की मौत हो गई और उसी के गांव के तीन अन्य युवक घायल हो गए। रविन्द्र रोडवेज में हैवी वाहन चलाने की ट्रेनिंग ले रहा था।

दुभेटा गांव के जयबीर ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि उसने अपनी बेटी की शादी गांव दरियापुर निवासी रविन्द्र के साथ की थी। दामाद रविन्द्र व उसके गांव का अमित रात करीब 10.30 बजे कैमरी रोड के ओवरब्रिज पर खड़े थे। इस बीच उनके गांव के मनीष व संदीप बाइक पर आए। उन्होंने रविन्द्र व अमित को देखकर बाइक रोक ली और वे आपस में बातें करने लगे। इस दौरान एक पिकअप तेज स्पीड में आई और उन चारों व बाइक को सीधी टक्कर मारी। इस हादसे में उसका दामाद पुल से नीचे जा गिरा जबकि बाकी तीन व बाइक सडक़ पर गिर गए। राहगीरों ने चारों घायलों को निजी अस्पताल में दाखिल करवाया, जहां चिकित्सकों ने रविन्द्र को मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद चालक पिकअप समेत फरार हो गया।

## मोहित ने बरवाला की सुनैना के साथ लिए सात फेरे

# एक रुपया शगुन लेकर की शादी, परिवार सम्मानित

- दादा देवराज लोहान जनहित एवं खेलकूद समिति ने दिया स्मृति चिह्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद



**नारनौंद।** नव विवाहित जोड़े और परिवार के लोगों को सम्मानित करते शमशेर लोहान व अन्य। *फोटो :हरिभूमि*

दहेज जैसी सामाजिक बुराई के बीच कस्बे के मोहित लोहान ने एक मिसाल पेश की है। मोहित ने बिना दहेज के बरवाला निवासी सुनैना से सिर्फ एक रुपये शगुन लेकर शादी की। लड़की पक्ष द्वारा दिए जा रहे 11 लाख रुपये को लौटा दिया। इसको लेकर शुक्रवार को दादा देवराज लोहान जनहित एवं खेलकूद समिति ने मोहित और उनके परिवार को मोमेंटो देकर सम्मानित किया है।

सम्मान समारोह में दादा देवराज लोहान जनहित एवं खेलकूद समिति व लोहान गोत्र के राष्ट्रीय अध्यक्ष शमशेर डीपीई, नगर पालिका चेयरमैन शमशेर लोहान उर्फ कुकन सहित कई सामाजिक नेता मौजूद रहे। सभी ने मोहित के फैसले की सराहना की। शमशेर ने कहा कि मोहित और उनके परिवार ने समाज को नई दिशा दी है। यह कदम दहेज के खिलाफ लड़ने वालों के लिए प्रेरणा बनेगा।

मोहित के पिता मास्टर वजीर सिंह ने कहा कि हमने 11 लाख रुपये लेने से इनकार किया। यह रिश्ता दो परिवारों का मिलन है लेन-देन नहीं। चेयरमैन कुकन लोहान ने कहा कि मोहित और उनके पिता ने क्षेत्र में एक बेहतरीन उदाहरण पेश किया है। हर युवा को इनसे सीख लेनी चाहिए। मोहित और उनके परिवार का यह कदम आज के समय में सराहनीय और अनुकरणीय है। ऐसे उदाहरण ही समाज में बदलाव की नींव रखते हैं।

मोहित लोहान ने कहा कि शादी एक संस्कार है व्यापार नहीं। यह मेरे लिए खुशी का पल है। समाज की सराहना ने मेरे छोटे से कदम को बड़ा बना दिया। अब यह शादी इलाके में चर्चा का विषय बन चुकी है। समाजसेवी संस्थाएं और आम लोग इस पहल की तारीफ कर रहे हैं। यह संदेश गया है कि अगर समाज ठान ले तो दहेज जैसी बुराई को खत्म किया जा सकता है।